ipbes
Science and Policy for People and Nature




# जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं (IPBES) पर अंतरराष्ट्रीय विज्ञान-नीति प्लैटफ़ॉर्म

## *<u>सूचना अलर्ट:</u>*
## 'परिवर्तनशील बदलावों का मूल्यांकन': जैव विविधता संकट के अंतर्निहित कारणों व बाधाओं पर ध्यान केन्द्रित करना तथा न्यायपूर्ण और स्थायी दुनिया के लिए विकल्प

### 'संपूर्ण बुनियादी प्रणाली का बड़े पैमाने पर पुनर्गठन करने के लिए कार्यनीतियाँ और कार्रवाइयाँ'

**यह रिपोर्ट बुधवार, 18 दिसंबर, 2024 को दोपहर 1 बजे GMT पर लॉन्च के लिए निर्धारित की गई है**

*"आईपीबीईएस वैश्विक मूल्यांकन ने यह स्पष्ट कर दिया है: हमारे साझा विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने का एकमात्र तरीका रूपांतरकारी परिवर्तन है - यानी प्रौद्योगिकी, अर्थव्यवस्था और समाज की बुनियादी प्रणाली का बड़े पैमाने पर पुनर्गठन। ऐसा करने के लिए, हमें बाधाओं को बेहतर ढंग से समझने की आवश्यकता है, लेकिन उससे भी अधिक महत्त्वपूर्ण है उन विकल्पों को समझना जो अधिक न्यायपूर्ण और **स्थायी** दुनिया लाएँगे।" - प्रोफ़ेसर अरुण अग्रवाल, मिशिगन विश्वविद्यालय, IPBES परिवर्तनकारी परिवर्तन मूल्यांकन रिपोर्ट के सह-अध्यक्ष*

- जैव विविधता संकट के प्रत्यक्ष कारणों और उनके प्रभावों पर प्रकाश डालती है
- अधिक न्यायपूर्ण और टिकाऊ दुनिया के लिए दृष्टिकोण, परिदृश्य और मार्गों का आकलन और उनकी तुलना करती है
- रूपांतरकारी परिवर्तन के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण बाधाओं की पहचान करती है
- परिवर्तनकारी और न्यायोचित बदलाव के लिए सर्वाधिक क्षमता वाली रणनीतियाँ और कार्यवाईयाँ प्रस्तुत करती है
- दुनिया के सभी क्षेत्रों से 42 देशों के 101 प्रमुख अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा तैयार की गई है
- $1.5 मिलियन से अधिक की कुल लागत के साथ 7,000 संदर्भों, 3 वर्षों के अनुसंधान पर आधारित है
- सतत विकास लक्ष्य और जैव विविधता के लिए 2050 विज़न को प्राप्त करने के लिए सरकारों, नागरिक समाज, स्वदेशी लोगों और स्थानीय समुदायों, व्यापार आदि द्वारा लिए गए निर्णयों और कार्यों की जानकारी देगी
- नियोजित मीडिया लॉन्च: 18 दिसंबर 2024 को 13:00 GMT/08:00 EDT/14:00 CET/15:00 CAT
- सोशल मीडिया: @IPBES #TransformativeChange

बुधवार, 18 दिसंबर 2024 को, जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं पर अंतरराष्ट्रीय मंच (IPBES) **जैव विविधता के नुकसान के अंतर्निहित कारणों, रूपांतरकारी परिवर्तन के निर्धारकों और जैव विविधता के लिए 2050 विज़न को प्राप्त करने के विकल्पों पर अपनी** मूल्यांकन **रिपोर्ट को लॉन्च करने की योजना बना रहा है** (जिसका दूसरा नाम "परिवर्तनकारी बदलाव मूल्यांकन " है)।

**रिपोर्ट रूपांतरकारी परिवर्तन के कारकों, इसके सामने आने वाली सबसे बड़ी बाधाओं और बदलाव के तरीके का मूल्यांकन करती है। इसमें संतुलित विश्व की दिशा में रूपांतरकारी परिवर्तन को बढ़ावा देने, उसे गति देने और प्राप्त करने योग्य विकल्पों की पहचान की गई है। साथ ही, रूपांतरकारी परिवर्तन के लिए वैश्विक दृष्टिकोण को प्राप्त करने के कदमों की भी पहचान की गई है।**

ऐसा माना जा रहा है कि **IPBES की बैठक में दिसंबर 2024 के तीसरे सप्ताह में इस रिपोर्ट पर चर्चा करके इसे मंज़ूरी दी जा सकती है। यह बैठक लगभग 150 सरकारों का प्रतिनिधित्व करती** है जिनका उद्देश्य जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के लिए विज्ञान-नीति इंटरफेस को मज़बूत करना है।

रिपोर्ट को **विकसित करने में 1.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की कुल लागत के साथ तीन वर्षों से अधिक का समय लगा है**। इसे **दुनिया के सभी क्षेत्रों से 42 देशों के 101 शीर्ष अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों (12 प्रतिष्ठित विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों सहित)** द्वारा तीन सह-अध्यक्षों के नेतृत्व में तैयार किया गया है: प्रो. अरुण अग्रवाल (भारत और अमेरिका), मिशिगन विश्वविद्यालय; प्रो. लुकास गैरीबाल्डी (अर्जेंटीना), नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ़ रियो नेग्रो; और प्रो. करेन ओ'ब्रायन (नॉर्वे/यूएसए), ओस्लो विश्वविद्यालय। इसमें लगभग 7,000 शोध प्रकाशनों का उपयोग किया गया है जो जैव विविधता के नुकसान के अंतर्निहित कारणों, रूपांतरकारी परिवर्तन के निर्धारकों और जैव विविधता के लिए 2050 विज़न को प्राप्त करने के विकल्पों पर मौजूदा ज्ञान की विविधता को दर्शाते हैं तथा जिनमें वैज्ञानिक लेख, सरकारी रिपोर्ट और स्वदेशी और स्थानीय तथा जनजातीय ज्ञान उत्पाद और परामर्श शामिल हैं।

इस रिपोर्ट पर IPBES बैठक (#IPBES11, 10 -16 दिसंबर, 2024) के ग्यारहवें सत्र में विचार किया जाएगा। 'नीति निर्माताओं के लिए सारांश' जो प्रमुख संदेशों, निष्कर्षों और विकल्पों पर प्रकाश डालता है, इसे **मंगलवार, 17 दिसंबर 2024 को 13:00 UK GMT/14:00 CET/08:00 EST पर विंडहोक, नामीबिया में एक हाइब्रिड (व्यक्तिगत और ऑनलाइन) मीडिया लॉन्च के लिए निर्धारित किया गया है - दुनिया के अन्य समय यहाँ देखें**: https://bit.ly/46dvEAZ)। **लाइव वेबकास्ट स्ट्रीमिंग लिंक: www.ipbes.net**

**लॉन्च कार्यक्रम के लिए मीडिया को मान्यता देने की प्रक्रिया अक्टूबर में शुरू होगी। जो पत्रकार और मीडिया संगठन अभी तक IPBES की मीडिया सूची में नहीं हैं, उन्हें मान्यता का आमंत्रण प्राप्त करने के लिए यहाँ सदस्यता लेनी चाहिए: http://eepurl.com/hxkQgn (यह सुविधा केवल मीडिया के लिए है)।**

अक्सर 'जैव विविधता के लिए IPCC' के रूप में वर्णित, IPBES एक वैश्विक विज्ञान-नीति निकाय है जिसे निर्णय लेने वालों, लोगों और प्रकृति के लिए सर्वोत्तम उपलब्ध साक्ष्य प्रदान करने का काम सौंपा गया है।

## रूपांतरकारी परिवर्तन मूल्यांकन रिपोर्ट से इन प्रश्नों के उत्तर मिलेंगे

जैव विविधता के लिए 2050 विजन, सतत विकास लक्ष्य और अन्य महत्त्वपूर्ण वैश्विक विकास उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए रूपांतरकारी परिवर्तन हेतु नीति और कार्यों की प्रत्यक्ष प्रासंगिकता सुनिश्चित करने के लिए, 'रूपांतरकारी परिवर्तन मूल्यांकन रिपोर्ट' में कई प्रश्नों पर विचार किया गया है, जिनमें शामिल हैं:

- रूपांतरकारी परिवर्तन क्या हैं, और वे जैव विविधता के प्रबंधन और लोगों के लिए प्रकृति के योगदान से कैसे संबंधित हैं?
- रूपांतरकारी परिवर्तन जैव विविधता के नुकसान और उसमें गिरावट के अप्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष कारणों के बीच के संबंध से कैसे जुड़े हुए हैं?

- विभिन्न समूह एक संतुलित विश्व की कल्पना किस प्रकार करते हैं और ये दृष्टिकोण तथा उनके अंतर्निहित मूल्य विभिन्न क्षेत्रों और प्रणालियों में रूपांतरकारी परिवर्तन के लिए क्या मायने रखते हैं?
- रूपांतरकारी परिवर्तन को कौन-सा कारक सक्षम और तेज़ बनाता है? कौन सी बाधाएँ और चुनौतियाँ इस तरह के बदलाव में बाधा डालती हैं और ये समय, पैमाने और संदर्भ के साथ कैसे बदल सकती हैं और इनसे कैसे निपटा जा सकता है?
- नीति निर्माताओं, निर्णय लेने वालों, प्रबंधकों, हितधारकों, नागरिकों, व्यवसायों और संगठनों के पास कौन-से विकल्प और भूमिकाएँ हैं, इनमें क्या बदलाव हो सकते हैं और इन्हें कैसे हासिल किया जा सकता है?

## रूपांतरकारी परिवर्तन मूल्यांकन रिपोर्ट की संरचना

रूपांतरकारी परिवर्तन मूल्यांकन रिपोर्ट में **पाँच अध्याय** शामिल हैं। ये अध्याय रिपोर्ट के प्रमुख संदेशों के लिए वैज्ञानिक आधार प्रदान करते हैं। ये अध्याय हैं:

1. रूपांतरकारी परिवर्तन पेश करना, निष्क्रियता के परिणामों की खोज करना और उत्पादन और खपत प्रणालियों के भीतर जैव विविधता के नुकसान को दूर करने के लिए रणनीतियाँ बनाना
2. एक संतुलित विश्व की कल्पना करने के लिए विज्ञान और स्वदेशी ज्ञान को नैतिकता और दुनिया को देखने के विविध दृष्टिकोणों के साथ एकीकृत करना
3. रूपांतरकारी परिवर्तन लाने वाले सिद्धांतों, रूपरेखाओं, ऐतिहासिक मामलों, अनुसंधान और कार्यों का विश्लेषण करना
4. संतुलित विश्व के लिए रूपांतरकारी परिवर्तन हासिल करने की चुनौतियों पर काबू पाना
5. प्रकृति और लोगों के लिए एक संतुलित विश्व को साकार करने के लिए रणनीतियों, तरीकों, उपकरणों, विकल्पों और कार्यों का विश्लेषण करना

## अपेक्षित प्रभाव

IPBES रूपांतरकारी परिवर्तन मूल्यांकन रिपोर्ट:

- नीति निर्माताओं और विविध हितधारकों सहित निर्णयकर्ताओं को रूपांतरकारी परिवर्तन की कार्रवाइयों के लिए सर्वोत्तम उपलब्ध साक्ष्य, विश्लेषण और विकल्प प्रदान करेगी।
- पेरिस जलवायु समझौते, कुनमिंग-मॉन्ट्रियल वैश्विक जैव विविधता ढांचे के अंतर्गत वैश्विक जैव विविधता लक्ष्यों, सतत विकास लक्ष्यों और अन्य प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय विकास उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए जैव विविधता को हुए नुकसान के अंतर्निहित कारणों के परिणामी प्रभावों की समझ विकसित करेगी।
- प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए 2050 तक 'जीवन जीने के विज़न' को हासिल करने का मार्ग तलाशेगी।

## समीक्षक और दर्शक

सटीकता, विश्वसनीयता और नीति-प्रासंगिकता के उच्चतम संभव स्तर को सुनिश्चित करने के लिए, 'IPBES रूपांतरकारी परिवर्तन मूल्यांकन रिपोर्ट' की व्यापक रूप से एक खुली और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से,

हज़ारों बाहरी समीक्षा टिप्पणियों के माध्यम से, वैज्ञानिकों और निर्णयकर्ताओं (सरकारों सहित), विशेषज्ञों और इस विषय में जानकारी रखने वाले स्वदेशी और स्थानीय तथा जनजातीय लोगों द्वारा समीक्षा की गई है।

'रूपांतरकारी परिवर्तन मूल्यांकन रिपोर्ट' को निर्णयकर्ताओं के एक व्यापक समूह को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिसमें सरकारी और बिज़नेस लीडर्स, नागरिक समाज समूह, स्वदेशी लोग और स्थानीय तथा जनजातीय समुदाय शामिल हैं।

## IPBES पॉडकास्ट

मूल्यांकन के दायरे, पैमाने और महत्व के बारे में अधिक जानने के लिए, नवंबर 2024 के अंत से उपलब्ध IPBES पॉडकास्ट, *नेचर इनसाइट* के सीज़न 4 को सुनें- किसी भी प्लैटफ़ॉर्म से जहाँ से आप अपने पॉडकास्ट सुनते हैं।

| | **3 साल की समय-सीमा** |
|---|---|
| *जून, 2021* | IPBES बैठक, जिसमें IPBES के सदस्य देशों के प्रतिनिधि शामिल थे, ने मूल्यांकन के लिए रोडमैप स्थापित करने वाली 'स्कोपिंग रिपोर्ट' को मंज़ूरी दी। |
| *मार्च, 2023* | बाहरी विशेषज्ञों ने अध्यायों के प्रथम प्रारूप की समीक्षा की तथा IPBES विशेषज्ञों द्वारा आगामी प्रारूपों में समीक्षा टिप्पणियाँ की गईं। |
| *जनवरी, 2024* | सरकारों और विशेषज्ञों ने अध्यायों के दूसरे प्रारूप और नीति निर्माताओं के लिए सारांश के प्रथम प्रारूप की समीक्षा की। इन टिप्पणियों पर आईपीबीईएस विशेषज्ञों द्वारा फ़ाइनल टेक्स्ट में विचार किया गया है। |
| *दिसंबर, 2024* | #IPBES11 बैठक के सत्र में सदस्य देशों द्वारा विंडहोक, नामीबिया में नीति निर्माताओं के लिए सारांश के अंतिम पाठ पर विचार-विमर्श, उसके बाद 18 दिसंबर, 2024 को योजना के मुताबिक मीडिया लॉन्च। |

**लॉन्च करने की जगह: #IPBES11, विंडहोक, नामीबिया, 18 दिसंबर, 2024**

**ब्रेकिंग न्यूज, नवीनतम घोषणाओं, विशेषज्ञों के लिए कॉल के साथ-साथ ज़्यादा जानकारी के लिए, आज ही एक IPBES हितधारक के रूप में पंजीकरण करें: www.ipbes.net/stakeholders** ( गैर-मीडिया)

## IPBES के बारे में जानकारी

लगभग 150 सदस्य सरकारों के साथ, जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं पर अंतर-सरकारी विज्ञान-नीति मंच (IPBES) एक वैश्विक निकाय है जो निर्णयकर्ताओं के अनुरोधों के जवाब में जैव विविधता की स्थिति और लोगों के लिए प्रकृति के योगदान का आकलन करता है। साथ ही, विभिन्न सामाजिक-आर्थिक विकल्पों के आधार पर भविष्य के विकल्पों की रूपरेखा तैयार करता है। IPBES का मिशन जैव विविधता के संरक्षण और सतत उपयोग, दीर्घकालिक मानव कल्याण और सतत विकास के लिए विज्ञान के माध्यम से नीति और निर्णयों को मज़बूत बनाना है।

IPBES सचिवालय की मेजबानी जर्मन सरकार द्वारा की जाती है और यह बॉन में संयुक्त राष्ट्र परिसर में स्थित है। दुनिया भर में हज़ारों वैज्ञानिक स्वैच्छिक आधार पर IPBES के काम में अपना योगदान देते हैं। उन्हें उनकी सरकारों या संगठनों द्वारा नामित किया जाता है और IPBES बहु-विषयक विशेषज्ञ पैनल द्वारा चुना जाता है।

*2016 में जारी की गई 'IPBES परागण आकलन रिपोर्ट' को 80 से अधिक देशों के 1,300 से अधिक मीडिया आउटलेट्स द्वारा 18 भाषाओं में कवर किया गया था। समाचार विज्ञप्ति: http://bit.ly/2sq6gbQ*

*2017 में जारी की गई 'IPBES क्षेत्रीय आकलन रिपोर्ट' और 'भूमि क्षरण और बहाली पर विषयगत आकलन रिपोर्ट' को 124 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक मीडिया आउटलेट्स द्वारा 37 भाषाओं में कवर किया गया था। समाचार विज्ञप्ति: http://bit.ly/2C0tnNu and http://bit.ly/2ylipyo*

*2019 में जारी की गई 'IPBES ग्लोबल असेसमेंट रिपोर्ट' को 170 से अधिक देशों के 10,500 से अधिक मीडिया आउटलेट्स द्वारा 50 भाषाओं में कवर किया गया था। समाचार विज्ञप्ति: http://bit.ly/GlobalAssessment*

*2022 में जारी की गई 'IPBES वन्य प्रजातियों का सतत उपयोग' और 'IPBES मूल्य आकलन रिपोर्ट' को 100 से अधिक देशों के 1,800 से अधिक विभिन्न मीडिया आउटलेट्स द्वारा 36 भाषाओं में कवर किया गया था। समाचार विज्ञप्ति: https://bit.ly/IPBES_SUA and https://bit.ly/IPBES_VA.*

*2023 में जारी की गई 'IPBES आक्रामक विदेशी प्रजाति आकलन रिपोर्ट' को 105 से अधिक देशों के 2,400 से अधिक विभिन्न मीडिया आउटलेट्स द्वारा 44 भाषाओं में कवर किया गया था। नई विज्ञप्ति: https://bit.ly/InvasiveMedia*

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: media@ipbes.net     www.ipbes.net

## IPBES को फ़ॉलो करें:

x.com/@IPBES
facebook.com/IPBES
youtube.com/ipbeschannel
linkedin.com/company/ipbes
instagram.com/ipbes_
threads.net/@ipbes_
bsky.app/profile/ipbes.bsky.social
mas.to/deck/@ipbes